कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।

क्रमांक–शिविरा–माध्य / मा–स / 22496 / विविध परीक्षा / 2018–19 / दिनांकः 26.11.2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

विषय :– वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित **"RKCL-RSCIT"** की परीक्षा दिनांक : 19.01.2020 (रविवार) हेतु जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर परीक्षा केन्द्र के लिए विद्यालय भवन मय स्टाफ उपलब्ध करवाने बाबत्।

प्रसंग :– परीक्षा नियन्त्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का पत्रांक – व.म.खु.विवि. / आर.एस.सी.आई.टी. / 19 / 2086 दिनांक : 18.11.2019

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा ली जाने वाली **"RKCL-RSCIT"** की परीक्षा दिनांक : **19.01.2020 (रविवार) को अपरान्ह 12.00 बजे से 01.00 बजे** तक जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाये जाने हेतु आप अपने अधीनस्थ समस्त संस्था प्रधानों को परीक्षा दिवस पर जिला एवं तहसील मुख्यालय के वांछित विद्यालय भवन मय स्टाफ उपलब्ध करवाने एवं विश्वविद्यालय को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही राजभवन के पत्रांक : एफ.(47)आरबी / 2016 / 9845, दिनांक : 08.12.2016 की पालना में परीक्षा केन्द्र वाले समस्त राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों को विद्यालय के बैंक खाते के सम्बन्ध मे विवरण (खाता नं0,बैंक शाखा का नाम व आई.एफ.एस.कोड) परीक्षा के जिला मुख्य पर्यवेक्षक को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित करें, क्योंकि परीक्षा संबंधी भुगतान **R.T.G.S.** के माध्यम से किया जाना है ।

विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं की भांति यह परीक्षा भी एक शैक्षणिक परीक्षा होने के कारण परीक्षा आयोजित करवाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार पारिश्रमिक एवं फुटकर व्यय देय होगा।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा ।
3. परीक्षा नियन्त्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, रावतभाटा रोड़, कोटा को प्रासंगिक पत्र के क्रम में प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि भवन–फर्नीचर किराया एवं बिजली – पानी व्यय पूर्ति हेतु 20/– रूपये प्रति परीक्षार्थी राशि का भुगतान संबंधित परीक्षा केन्द्रों को जमा करवाया जाना सुनिश्चित करे ।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

E:\Genral letter.docx

716